तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 17 दिसंबर 2025



12 मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत जिले...





12 जिले में धान उठाव नहीं होने से खरीदी केंद्रों पर संकट







## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप

### संतोष ट्रॉफी में मुखर्जी रेफरी अनुदेशक नियुक्त



**जगदलपुर।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा आयोजित 79 वां संतोष ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता में उत्तरप्रदेश के आगरा में ग्रुप बी नॉर्थ जोन के क्वालीफाइंग राउंड के मैच में बस्तर जिला के जगदलपुर से रूपक मुखर्जी को रैफरी अनुदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता है जो संतोष ट्रॉफी के नाम से जानी जाती है। ग्रुप बी में चंडीगढ़, हरियाणा, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की टीम भाग लेंगी। यह मैच 21 से 25 दिसंबर तक होगा। इससे पहले निर्णायक और मैच कमिश्नर के रूप मे और अब रैफरी अनुदेशक मिलाकर 12 वीं बार संतोष ट्रॉफी में जिम्मेदारी निभाएंगे। यह जानकारी छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के रैफरी विभाग प्रमुख राजेश सिंह ने दी है।

### आपदा पीड़ित 4 परिवारों को दी गई 16 लाख की सहायता

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा प्राकृतिक आपदा पीड़ित 4 परिवारों को 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है। तहसील बास्तानार के ग्राम मुतनपाल निवासी पाण्डे कश्यप की मृत्यु आग में जलने से पुत्र बीजा को और कमलू मंडावी की मृत्यु पानी में डूबने से पुत्री कोड़ी मंडावी को, तहसील लोहण्डीगुड़ा ग्राम गढ़िया निवासी जूना पोयामी की मृत्यु पानी में डूबने से बहन बुटको मंडावी को और तहसील करपावण्ड ग्राम मैलबेड़ा निवासी विनोद की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नि जलबती को चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### गुरु घासीदास जयंती पर रहेगा 18 को शुष्क दिवस

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा 18 दिसम्बर को ''गुरु घासीदास जयंती'' के अवसर पर जिले में मदिरा दुकानों को बंद रखने हेतु 'शुष्क दिवस' घोषित किया गया है। इस अवसर पर जिले के देशी-विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें देशी मदिरा सीएस 2 (घघ), विदेशी मदिरा एफएल 1 (घघ), एफ.एल.3 होटल बार, एफ.एल.7 सैनिक कैंटीन एवं मद्य भण्डागार को 17 दिसम्बर को समयावधि पश्चात बंद करने सहित 18 दिसम्बर को पूर्णतः बंद रखने तथा अवैध शराब के विक्रय पर समुचित नियंत्रण रखने के निर्देश जारी किए हैं।

### धान खरीदी में बड़े किसानों को हो रहा फायदा : अमित



**जगदलपुर।** नगरनार एनएमडीसी स्टील प्लांट को निजी कंपनी को बेच दिया गया। बाहर की कंपनी को पर्यावरण और स्टील मंत्रालय ने स्वीकृति दे दी है। नक्सलवाद खत्म करने के नाम पर बड़े उद्योगपति को लाभ पहुंचाया जा रहा है। बस्तर नक्सल मुक्त हो रहा है और व्यापारी की एंट्री हो रही है। यह बातें जनता कांग्रेस (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने सर्किट हाऊस में मंगलवार को पत्रवार्ता में कही। श्री जोगी कहा कि यह सिर्फ एक प्लांट का मुद्दा नहीं है। यह छत्तीसगढ़ की आत्मा, मेरे पिता स्व. अजीत जोगी के सपने और हमारे भविष्य की लड़ाई है। जोगी ने कहा कि धान खरीदी प्रक्रिया गड़बड़ है, जिसमें सिर्फ बड़े किसानों को फायदा मिल रहा है। बड़े किसानों और उद्योगपतियों के लिए सरकार ऑनलाइन प्रक्रिया के जरिए पूरे फायदे पहुंचाती है। छोटे किसान और आम लोगों के लिए सरकार ऑफलाइन हो जाती है।

---

**सफलता : आरोपियों के कब्जे से नकदी के अलावा सिक्के, मोबाइल व बाइक बरामद**

# रेकी कर चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय धार गैंग के तीन सदस्य गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छग के बस्तर समेत कोण्डागांव, धमतरी के अलावा महाराष्ट्र व ओडिशा में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले मध्यप्रदेश के धार गैंग के तीन शातिर सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बस्तर में हुई चोरी की पांच घटनाओं में पुलिस को इनकी तलाश थी। आरोपियों के कब्जे से चोरी की दो बाइक के अलावा नकदी रकम व चोरी के औजार भी बरामद किया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने बस्तर समेत कोण्डागांव, धमतरी के अलावा महाराष्ट्र व ओडिशा में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकारी है। बस्तर पुलिस अब आरोपियों से छग समेत अन्य राज्यों में चोरी के अन्य अपराधों में संलिप्तता के विषय में जांच कर रही हैं।

चोरी की घटनाओं को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा, एएसपी महेश्वर नाग, सीएसपी सुमित कुमार व डीएसपी साइबर गीतिका साहू के निर्देश में अलग अलग टीम गठित की गई थी। टीम ने चोरी के वारदातों का बारीकी से विश्लेषण करते हुए घटनास्थलों के



**जंगल में छुपाकर रखते थे औजार, रेकी के बाद देते थे घटनाओं को अंजाम**

बिन्दुओं को जोड़ते हुए पाया कि सभी चोरियों का तरीका व वारदात एक समान है।

दर्ज मामलों में प्रार्थियों ने बताया था कि जब वह घर पर नहीं थे। उसी दौरान रात में अज्ञात चोरों द्वारा पाश कॉलोनियों में बंद घरों को चिन्हांकित कर ताला तोड़कर घरों से सोना, चांदी एवं नगद रकम चोरी कर ले गये थे। टीम द्वारा बस्तर, कोण्डागांव एवं धमतरी के सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से अवलोकन किया गया। उक्त फुटेज में दिख रहे संदिग्धों के संबंध में मुखबीर के माध्यम से पतासाजी की गई। मुखबीर से संदेहियों की सूचना प्राप्त हुई कि उसी कद-काठी एवं मिलते जुलते लोग सनसिटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के आसपास रेकी करते हुए देखे गये हैं। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी पारस अलावा उर्फ अमलियार 21 वर्ष, धीतु अलावा उर्फ अमलियार, 23 वर्ष तथा पंकेष अनारे 22 वर्ष निवासी ग्राम गडरावत पोस्ट नरवाली थाना टांडा जिला धार मध्यप्रदेश को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर संदेहियो ने रेकी करना एवं अपराध घटित करना स्वीकार किया।



### नकद, जेवरात, वाहन सहित चोरी करने के औजार बरामद

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नगदी रकम के अलावा सोने जैसा अलग-अलग प्रकार का नकली हार, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, चांदी का पायल, चैन, बिछिया, चांदी का सिक्का, छल्ला, एंड्रॉईड व कीपेड फोन, होण्डा शाईन मोटर साईकिल के अलावा ताला काटने का औजार आदि बरामद किया है।

### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

आरोपियों की गिरफ्तारी में निरीक्षक सुरेश जांगड़े, शिवानंद सिंह, गौरव तिवारी, एसआई प्रमोद ठाकुर, प्रधान आरक्षक अजय साहू, आरक्षक गौतमचंद सिन्हा, धर्मेन्द्र ठाकुर, रोशन चौहान, माहंगूराम कश्यप, श्याम देव कश्यप, कृष्ण कुमार नेताम, युवराज ठाकुर, महेन्द्र पटेल, सोनू कुमार गौतम, प्रदीप कुमार कश्यप, हेमचंद मौर्य व शैलेष राज की अहम भूमिका रही।

---

## करनपुर मिडिल स्कूल में छात्राओं के लिए शौचालय नहीं, अव्यस्था भी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- जनपद पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित निर्माण समिति सभापति ने किया निरीक्षण

जनपद पंचायत के अध्यक्ष पदलाम नाग, उपाध्यक्ष पुरषोतम कश्यप तथा निर्माण समिति के सभापति अर्जुन सेठिया ने मंगलवार को नगरनार क्षेत्र के करनपुर में मिडिल स्कूल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बालिकाओं के लिए शौचालय नहीं पाया गया। वही खिड़की और दरवाजे कमरों में नहीं थे। 4 शाला त्यागी बच्चों की जानकारी मिली। इस संबंध में उन्होंने शाला के सभी 3 शिक्षकों से चर्चा और जानकारी लेकर इन बच्चों को नियमित स्कूल भेजने पालकों से संपर्क करने को कहा। ये 4 बच्चे किन कारणों से शाला नहीं आ रहे है इसका पता शिक्षकों को उनके घर जाने से मिलेगा। इसे अपना कर्तव्य समझकर करना चाहिए। उन्होंने कमियों को दूर करने अधिकारियों से चर्चा करने की बात कही है। शाला में खेल मैदान नहीं होने की बात बच्चों ने बताई जिसके लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। हरिभूमि से चर्चा में जनपद पदाधिकारियों ने कहा कि आकस्मिक प्रवास में कमी खामियों का पता चलता है। शैक्षणिक संस्थाओं में बालक, बालिकाओं के लिए अलग अलग शौचालय आवश्यक है। इस संबंध में जल्द निमार्ण के लिए प्रयास करेंगे।

---

## नक्सलियों के आश्रय स्थल माड़ के बोलेबेड़ा में खुला नया कैम्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- नक्सलियों पर नजर रखने अब जंगल में भी रहेंगे जवान तैनात
- बालेबेड़ा के जंगल माओवादी संगठन के कम्पनी नम्बर 1 व 10 के शीर्ष नक्सल लीडरों का था पनाहगाह

नारायणपुर जिले में माड़ बचाव अभियान के तहत थाना सोनपुर क्षेत्र के ग्राम बालेबेड़ा में नवीन सुरक्षा एवं जन सुविधा कैम्प खोला गया है। नारायणपुर पुलिस, डीआरजी और बीएसएफ 86 वीं, 133 वीं व 135 वीं बटालियन के संयुक्त प्रयास से बालेबेड़ा ग्राम क्षेत्र में यह कैम्प खोला गया है। इससे पहले तक नक्सल लीडरो के गढ़ के रूप में




### मोबाइल नेटवर्क, कनेक्टिविटी व मूलभूत सुविधाओं को होगा विस्तार

आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि बालेबेड़ा क्षेत्र में नवीन कैम्प स्थापित होने से आसपास के गाँव रेपिंग, वाड़ापेंदा, ओरछापाल, कोंदागुण्डा, कांदुलनार और बालेबेड़ा में सड़क, पुल-पुलिया, शिक्षा, चिकित्सा, मोबाईल नेटवर्क कनेक्टिविटी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार होगा। क्षेत्र में सुरक्षाबलों के निगरानी में सड़क निर्माण सहित अन्य सुविधाओं को आम जनता तक पहुंचाये जाने में सहयोग प्रदान किया जायेगा। नारायणपुर पुलिस ने वर्ष 2025 में नक्सलियों के अघोषित राजधानी कुतुल सहित नक्सलियों के आश्रयस्थल कोडलियर, बेडमाकोटी, पदमकोट, कान्दुलपार, नेलांगूर, पांगूड, रायनार, एडजुम, ईदवाया, आदेर, कुड़मेल, कोंगे, सितरम, तोके, जाटलूर, धोबे, डोडीमरका, पदमेटा, लंका, परियादी, काकुर और बालेबेड़ा में कैम्प खोल चुकी है।

स्थापित बालेबेड़ा ग्राम जंगलों में अब सुरक्षा बल के जवानों की तैनाती रहेगी। आईजी सुन्दराज पट्टलिंगम, डीआईजी कांकेर अमित कांबले एसपी नारायणपुर रोबिनसन गुरिया, ▶▶| शेष पेज 12 पर

---

## 10 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को मिलेगी अब लगातार बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- कुम्हारपारा में बनाया जा रहा उपकेंद्र निर्माण होने से मिलेगी बेहतर सुविधा

संभागीय मुख्यालय विद्युत कंपनी के जगदलपुर जोन में 25 हजार उपभोक्ता शामिल हैं। इसमें से शहर के कुम्हारपारा क्षेत्र में बार-बार बिजली बंद होने, फाल्ट, ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या से उपभोक्ता परेशान हैं। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए कंपनी के प्रोजेक्ट की ओर से कुम्हारपारा स्थित पोल फैक्ट्री में ही नया उपकेन्द्र का निर्माण किया जा रहा है। इससे क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बार-बार बिजली बंद होने, फाल्ट, ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या से छुटकारा मिलेगा। उपकेंद्र से विद्युत आपूर्ति शुरू होगी, जिससे 10 हजार उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा और



लोकल फाल्ट ओवरलोडिंग से राहत मिलेगी। दस हजार उपभोक्ताओं को ओवरलोडिंग की समस्या से निजात मिल सकती है।

### ठेकेदार को दिए निर्देश

*प्रोजेक्ट के सहायक अभियंता नंदलाल कॉशी ने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए कुम्हारपारा में उपकेन्द्र का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए ठेकेदार को निर्देश दिया कि समय सीमा में निर्माण पूरा करें।*

---

## 20 साल से ईसाई पंथ में शामिल परिवार की घर वापसी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- सनातन संस्कृति एवं सामाजिक परंपराओं के अनुरूप धार्मिक विधि-विधान के साथ मूल धर्म में हुए शामिल

शहर के कुम्हारपारा क्षेत्र में दो दशक से निवासरत ईसाई धर्म में शामिल परिवार मंगलवार को विधिवत मूलधर्म में शामिल हो गया। महारा समाज व बजरंग दल की मौजूदगी में सनातन संस्कृति एवं सामाजिक समरसता की परंपराओं के अनुरूप धार्मिक विधि-विधान के साथ घर वापसी कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने घर वापसी करने वाले परिवारों का स्वागत किया तथा उन्हें सनातन परंपराओं से पुनः जोड़ने का संकल्प व्यक्त किया।

बजरंग दल के जिला संयोजक मुन्ना बजरंगी ने कहा कि सनातन धर्म विश्व का सबसे प्राचीन और समरसता पर आधारित धर्म है। घर वापसी के माध्यम से समाज के लोग अपनी मूल संस्कृति, परंपरा और पहचान से पुनः जुड़ रहे हैं। यह किसी पर दबाव नहीं बल्कि स्वेच्छा से अपने पूर्वजों की आस्था में लौटने का अभियान है। बजरंग दल सदैव समाज में सांस्कृतिक जागरण और सामाजिक एकता के लिए कार्य प्रयासरत रहेगा।

कार्यक्रम के तहत 20 वर्षों से ईसाई पंथ के अनुयायी रहे शहर के कुम्हारपारा निवासी घासीराम बेसरा, गीता नेताम, अतुल नेताम एवं रेहान नेताम ने विधिवत रूप से सनातन धर्म में घर वापसी की। जानकारी के अनुसार यह परिवार विगत दो दशक से ईसाई पंथ का अनुसरण कर रहे थे। महारा समाज के संभागीय अध्यक्ष कन्हैया सोना ने कहा कि ▶▶| शेष पेज 12 पर

---

**उपमुख्यमंत्री शर्मा ने सरपंचों से मुलाकात कर चर्चा की**

# बस्तर के सरपंचों ने नए विधानसभा भवन में देखी लोकतांत्रिक प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग से आए विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचगणों ने मंगलवार को नवनिर्मित छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन का भ्रमण कर विधानसभा की कार्यप्रणाली और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को नजदीक से देखा। इस अवसर पर सरपंचों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात की। बस्तर के लोगों में लोकतंत्र में विश्वास जगाने के लिए उपमुख्यमंत्री की पहल पर बस्तर के विभिन्न ग्रामों का प्रतिनिधित्व करने वाले सरपंचों को नवीन विधानसभा भवन का भ्रमण कराया गया।

सरपंचों को सदन की कार्यवाही, प्रश्नकाल, चर्चा एवं निर्णय प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। ग्राम स्तर पर लोकतंत्र को सशक्त बनाने वाले जनप्रतिनिधियों के लिए यह अनुभव अत्यंत प्रेरणादायी रहा। उपमुख्यमंत्री ने उनके अनुभवों पर चर्चा की। जिसमें सरपंचों ने कहा कि विधानसभा की कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष





### अनुभव जवाबदेही के साथ कार्य करने के लिए करेगा प्रेरित: शर्मा

गृहमंत्री शर्मा ने कहा कि ग्राम पंचायतें लोकतंत्र की आधारशिला है। ग्रामीण विकास की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में सरपंचों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने बस्तर संभाग के विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं और पंचायत सशक्तिकरण को लेकर राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। सरपंचों ने राज्य सरकार एवं उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के अनुभव अपने-अपने गांवों में बेहतर नेतृत्व और जवाबदेही के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेंगे।

रूप से देखने से जनसेवा और शासन व्यवस्था की बेहतर समझ मिली है। जिस प्रकार हर समस्या और विषय पर दोनों पक्षों से सकारात्मक तरीके से चर्चा की जाती है वह सराहनीय है। इससे लगता है कि हमारी हर समस्या के लिए हमारे प्रतिनिधि चिंता करते हैं एवं हमारे मुद्दों को सामने रखते हैं।


जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

बधाईयाँ बधाईयाँ बधाईयाँ



हरिभूमि
24TH
YEARS
ANNIVERSARY
CELEBRATION



दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
हरिभूमि
के सफलतम 24 वर्ष
पूर्ण करने पर हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएँ

हरिभूमि में कई सारी खूबियां है जो उसे दूसरों से अलग बनाती है, जैसे की कुछ अलग करने की सोच, हरिभूमि ऐसा अखबार है जो सच्चाई लिखने के लिए हर स्तर पर प्रयास करता है। इसी सोच की वजह से हरिभूमि की अपनी एक अलग पहचान है। सटीक, सुंदर भाषा और प्रस्तुति के चलते समाज के हर वर्ग का पसंदीदा अखबार है।



श्याम सोमानी
अध्यक्ष
बस्तर चेंबर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज


हरिभूमि 24TH YEARS
हार्दिक शुभकामनाएँ
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, जगदलपुर
के
आदरणीय दिनेश कश्यप जी
को अध्यक्ष नियुक्त किए जाने एवं
आदरणीय श्रीनिवास मिश्रा जी
को उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
हरिभूमि
के सफलतम 24 वर्ष
पूर्ण करने पर हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएँ
श्री श्रीनिवास मिश्रा जी
विनीत- समस्त हितग्राही, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, जगदलपुर

## खबर संक्षेप

### कोण्डागांव जिला ने बस्तर ओलंपिक में जीते 51 पदक

**कोण्डागांव।** जगदलपुर में 11 दिसंबर से शुरू संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक का समापन 13 दिसंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में हुआ। जिसमें संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। जिले की कृतिका मरकाम और सुशीला नेताम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाया और यूथ आईकन घोषित किए गए। वरिष्ठ खेल अधिकारी ने बताया कि संभाग स्तरीय आयोजन में कोण्डागांव जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 51 पदक हासिल किया है। जिसमें 16 स्वर्ण, 14 रजत और 21 कांस्य पदक शामिल हैं। जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक में प्रथम स्थान प्राप्त कर संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सुशीला नेताम ने बताया कि उन्होंने आर्चरी में 50 और 30 मीटर की प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं नेशनल गेम्स में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार ग्राम पीढ़ापाल माकड़ी विकासखण्ड की रहने वाली कृतिका मरकाम ने बताया था कि पिछले तीन वर्ष से खेलती आ रही हैं। बस्तर ओलंपिक के एथलेटिक्स जूनियर वर्ग में 100 मी., 200 मी. और 4*100 रिले प्रतियोगिता में छह जिलों के खिलाड़ियों से मुकाबला रहा। जिसमें तीनों श्रेणी में उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बस्तर ओलंपिक का आयोजन जिले के दूरस्थ अंचलों की खेल प्रतिभाओं के लिए एक मंच प्रदान कर रही है। बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर भी मिल रहा है।

### भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की सामान्य सभा20 को

**कोण्डागांव।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा की सामान्य सभा एवं प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन 20 दिसम्बर 2025 को प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में किया जाएगा। बैठक में रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्यता अभियान, वार्षिक बजट के आय–व्यय विवरण एवं ऑडिट से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। सामान्य सभा में बाढ़, अतिवृष्टि एवं जलभराव की स्थिति में किए गए राहत कार्यों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विचार–विमर्श किया जाएगा। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा द्वारा संबंधित सदस्यों से समय पर बैठक में उपस्थित होकर सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की गई है।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025 का आयोजन 20 को

**कोण्डागांव।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग, कोंडागांव द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025 का आयोजन 20 दिसम्बर 2025 को कोंडागांव स्थित ऑडिटोरियम में प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। इस उत्सव का उद्देश्य युवाओं की रचनात्मक, सांस—तिक एवं नवाचार क्षमता को मंच प्रदान करना है। युवा उत्सव में निम्नलिखित विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी लोकनृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नाचा, करमा नृत्य, लोकगीत, वाद–विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, एकांकी, पारंपरिक वेशभूषा, रॉकबैंड। प्रतिभागियों के लिए आयु सीमा 15 से 29 वर्ष संगतकारों के लिए आयु सीमा 18 से 40 वर्ष। इच्छुक प्रतिभागी अपने पहचान पत्र के साथ 20 दिसम्बर को प्रातः 9 बजे तक ऑडिटोरियम कोंडागांव में उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते हैं। जिला स्तरीय युवा उत्सव के विजेता प्रतिभागी एवं दल 21 दिसम्बर को बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने के लिए रवाना होंगे। युवा उत्सव जिले के युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने और राज्य स्तर पर पहचान बनाने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा।

# मलेरियामुक्त छत्तीसगढ़ अभियान: जिले में घर-घर जाकर हो रही सघन जांच

## 15 दिवसीय विशेष अभियान से मलेरिया उन्मूलन की दिशा में ठोस पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सघन मलेरिया जांच अभियान संचालित किया जा रहा है। यह अभियान 8 दिसंबर से प्रारंभ होकर आगामी 15 दिनों में पूर्ण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

अभियान के तहत जिले के दूरस्थ एवं सीमावर्ती ग्रामों में स्वास्थ्य अमला घर–घर जाकर आरडी किट के माध्यम से मलेरिया जांच कर रहा है, ताकि कोई भी व्यक्ति जांच से वंचित न रहे। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. चतुर्वेदी ने धनोरा क्षेत्र के कानागांव पहुंचकर मलेरिया जांच अभियान का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य टीम को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।



### छात्रवास, आश्रम और कैंपों में भी जांच

अभियान के अंतर्गत पोटा केबिन, छात्रवास, आश्रम एवं सीआरपीएफ कैंपों में भी मलेरिया जांच की जा रही है, जिससे सभी वर्गों को अभियान से जोड़ा जा सके। यह अभियान मलेरिया के साथ–साथ एनीमिया एवं कुपोषण को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सीएमएचओ डॉ. चतुर्वेदी ने काना गांव, बिन्झे, अरंडी एवं धनौरा स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण कर हाई रिस्क प्रेग्नेंसी, सुरक्षित प्रसव, टीबी, कुष्ठ रोग नियंत्रण, आयुष्मान कार्ड एवं वय वंदन योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को बताया जा रहा है कि मलेरिया मच्छर के काटने से फैलता है, जिसके प्रारंभिक लक्षण बुखार, सिरदर्द व बदन दर्द हैं। उपचार की सुविधा गांव स्तर पर मितानिन दीदियों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में उपलब्ध है।

### *लक्षण रहित मरीजों की भी हो रही पहचान*

*अभियान के दौरान ऐसे व्यक्तियों की पहचान की जा रही है, जिनमें मलेरिया के स्पष्ट लक्षण नहीं हैं, लेकिन जांच में पॉजिटिव पाए जाते हैं। इससे संक्रमण के प्रसार को समय रहते रोका जा रहा है। सभी चिन्हित मरीजों को तत्काल पूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही मितानिनों द्वारा मच्छरदानी लगाकर सोने की सलाह दी जा रही है और इसकी नियमित निगरानी की जा रही है। गांवों में मुनादी, सिटी बजाकर जागरूकता, गड्ढों व नालियों की साफ–सफाई तथा जल निकासी की व्यवस्था सामूहिक प्रयासों से की जा रही है, जिससे मच्छरों के प्रजनन पर रोक लग सके।*

## समस्या : एक माह बाद भी उठाव शुरू नहीं, बफर लिमिट से ज्यादा धान जमा

# जिले में धान उठाव नहीं होने से खरीदी केंद्रों में समस्याएं बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव



कोंडागांव जिले के धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदी शुरू हुए एक महीने बीत जाने बाद भी अब तक धान का उठाव शुरू नही हुआ है। केंद्रों में बम्फर लिमिट से अधिक धान रखा गया। लेकिन अब तक उठाव नही होने से जाम की स्थिति बन गई है। केंद्रों में धान रखने के लिए जगह कम पड़ने लगी है। धान का परिवहन नही होने से समिति प्रबंधकों की समस्याओं को बढ़ा दिया है। केंद्रों में धान रखने की जगह कम पड़ रही है। अगर जल्द ही उठाव नही हुआ तो परेसानी और बढ़ सकती है। मिली जानकारी के अनुसार 15 दिसम्बर की स्तिथि में कोंडागांव जिले के उपार्जन केंद्रों में 08 लाख 15 हजार 263 किवंटल से अधिक धान उपार्जित किया जा चुका है। लेकिन अभी तक धान का परिवहन शुरू नही हो पाया है। जबकि केंद्रों में बफर लिमिट से अधिक धान रखा गया है। लेकिन अभी तक उठाव नही हुआ है। उठाव नही होने से केंद्रों में धान रखने की जगह कम पड़ रही है। फरसगांव के धान खरीदी केंद्र में 20 हजार किवंटल से अधिक धान की खरीदी हो चुकी है, जबकि केंद्र का बंपर लिमिट 12 हजार है। धान की खरीदी 20 हजार किवंटल पार हो चुका हैं लेकिन अभी तक उठाव नही हुआ है। अगर दो-तीन दिनों में धान का उठाव नही हुआ तो केंद्र में धान रखने की जगह कम पड़ जायेगा। ये स्तिथि लगभग जिले के सभी केंद्रों में है। उठाव नही होने से सभी केंद्र प्रभारी परेसान है। समिति प्रबंधको के अनुसार शुरुआत में खरीदी किये हुए धान की बोरियो में वजन घट रहा है । इस हिसाब से एक कट्टे में लगभग 400 से 600 ग्राम तक सुखत आ रही है। सोमवार की स्तिथि में जिले के विश्रामपुरी में कुल 26272 क्विंटल , बहीगांव में कुल 26138 किवंटल, सलना मे कुल 23879 किवंटल, अरंडी में 23118 किवंटल धान की खरीदी हो चुकी है। केंद्रों में जगह कम पड़ रहा है। उठाव शूरु नही होने से आगामी दिनों में खरीदी कार्य बाधित होने की आशंका बढ़ गई है।

### जल्द शुरू होगा उठाव: डीएमओ

उक्त संबंध में जिला विपणन अधिकारी लोकेश देवांगन ने बताया कि आज ही टीएल बैठक में धान के उठाव के सम्बन्ध में कलेक्टर मैडम को अवगत करवाया गया है। कलेक्टर मेडम के द्वारा राइस मिलर्स की बैठक लेकर तत्काल धान के उठाव सुनिश्चित करने निर्देश दिया गया है। ताकि आगामी दिनों में धान खरीदी में परेसानी न हो ।

### जिले में अब तक 8.15 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी

**कोण्डागांव।** राज्य शासन के मंशानुरूप खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के अंतर्गत जिले में धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी है। किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए शासन द्वारा पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। धान खरीदी केंद्रों में, इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र, आद्रता मापी यंत्र किसानों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे खरीदी प्रक्रिया सरल और भरोसेमंद बनी हुई है। खाद्य अधिकारी नवीन श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार की स्थिति में जिले में कुल 8,15,263 क्विंटल धान का उपार्जन किया जा चुका है। जिले के प्रमुख उपार्जन केंद्रों में अब तक हुई धान खरीदी इस प्रकार है विश्रामपुरी 26,272 क्विंटल, बहीगांव 26,138 क्विंटल, गम्हरी 24,634 क्विंटल, सलना 23,879 क्विंटल, अरण्डी 23,318 क्विंटल। शासन की निगरानी में चल रही धान खरीदी से किसानों को न केवल समय पर अपनी उपज बेचने का अवसर मिल रहा है, बल्कि पारदर्शी व्यवस्था से उनका भरोसा भी मजबूत हुआ है। जिले में आगामी दिनों में भी खरीदी कार्य इसी गति से जारी रहेगा।

# गुरु घासीदास जयंती पर शहर में निकला भव्य जुलूस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

- सतनाम के जयघोष से भक्तिमय हुआ वातावरण

छत्तीसगढ़ के महान समाज सुधारक एवं सतनाम पंथ के प्रवर्तक गुरु घासी दास की जयंती के अवसर पर कोंडागांव नगर में सतनामी समाज द्वारा भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस में समाज के बुजुर्ग, युवा, महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए।

जुलूस में श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा धारण कर हाथों में झंडे एवं गुरु घासी दास जी की तस्वीरें लिए हुए चल रहे थे। "सतनाम" के जयघोष, भजन–कीर्तन और ढोल–नगाड़ों की गूंज से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा। भव्य जुलूस नगर के प्रमुख मार्गोर् से होकर निकला, जहां विभिन्न स्थानों पर नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। मार्ग में श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।

### गुरु घासीदास के विचारों को अपनाने का आह्वान

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने गुरु घासी दास के सत्य, अहिंसा, समानता, सामाजिक एकता और मानव कल्याण के संदेशों को स्मरण करते हुए कहा कि उनके आदर्शों पर चलकर ही समाज में भाईचारा, शांति और समरसता स्थापित की जा सकती है।

### समाजजनों ने लिया आदर्शों पर चलने का संकल्प

जुलूस के समापन पर समाजजनों ने गुरु घासी दास के ब्ा पर चलने एवं उनके विचारों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। आयोजन ने सामाजिक एकता और सद्भाव का मजबूत संदेश दिया।



# पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रवास का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

- छात्रों की सुविधाओं और अध्ययन व्यवस्था का लिया जायजा

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रवास का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रवास की प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने छात्रवास में विकसित किए जा रहे स्टडी कक्ष का भी निरीक्षण किया। लंबे समय से खाली पड़े कमरे को विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए स्टडी कक्ष के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे छात्रें को पढ़ाई के लिए समर्पित और अनुकूल वातावरण मिल सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने छात्रवास में निवासरत छात्रें से संवाद कर उनकी पढ़ाई, अध्ययन सुविधाओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली।

**नियमित अध्ययन के लिए किया प्रोत्साहित-** कलेक्टर ने छात्रों को नियमित अध्ययन करने, उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करने और लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# उदेंगा में पंचायत स्तरीय क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ



**कोण्डागांव।** माकड़ी विकासखंड के ग्राम पंचायत उदेंगा में युवा संगठन के तत्वाधान में आयोजित पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। यह प्रतियोगिता 16 दिसंबर से 22 दिसंबर 2025 तक आयोजित की जाएगी।

प्रतियोगिता का शुभारंभ जनपद सदस्य अनिता मरकाम के मुख्य आतिथ्य एवं ग्राम पंचायत उदेंगा के सरपंच सोनाराम शोरी की अध्यक्षता में किया गया। आयोजन समिति द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 12,001 एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 6,001 एवं ट्रॉफी, प्रवेश शुल्क 801 निर्धारित किया गया है।

**उद्घाटन मैच में उदेंगा की जीत-** उद्घाटन मुकाबला ग्राम पंचायत उदेंगा एवं ग्राम पंचायत बालोण्ड के बीच खेला गया। उदेंगा के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बालोण्ड की टीम ने 6 ओवर में 90 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए उदेंगा की टीम 6 ओवर में 76 रन ही बना सकी, लेकिन बेहतर रन रेट के आधार पर बालोण्ड को 14 रनों से पराजित कर विजयी रही।प्रतियोगिता के सफल आयोजन में अध्यक्ष अनिल शोरी, उपाध्यक्ष अंतुराम जैन सचिव दीपेंद्र शोरी, कोषाध्यक्ष दिलीप मरकाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उद्घाटन मैच का मंच संचालन एवं कमेंट्री अनंत जैन द्वारा की गई। इस अवसर पर ग्राम पटेल, माता पुजारी, पूर्व जनपद सदस्य, वार्ड पंच, पंच प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पंचायत स्तरीय इस क्रिकेट प्रतियोगिता से क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को मंच मिलने के साथ–साथ युवाओं में खेल भावना को भी बढ़ावा मिल रहा है।

# मछली पालन से आत्मनिर्भर बनीं सरपंच फुलबती मरकाम

- बिहान से जुड़कर बदली आर्थिक तस्वीर, बनीं सफल उद्यमी ग्रामीण महिलाओं के लिए बनीं प्रेरणास्रोत

**कोण्डागांव/फरसगांव।** कोंडागांव जिले के फरसगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चुरेगांव की सरपंच एवं बिहान स्व–सहायता समूह की सचिव फुलबती मरकाम ने मछली पालन के माध्यम से आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिखी है। कभी आर्थिक तंगी से जूझने वाला परिवार आज समृद्धि की राह पर आगे बढ़ रहा है।

फुलबती मरकाम वर्ष 2011 में स्व–सहायता समूह से जुड़ीं और वर्ष 2018 में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़ने के बाद उनके जीवन में बड़ा बदलाव आया। बिहान के माध्यम से उन्हें ऋण, प्रशिक्षण और स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी मिली। बिहान से जुड़ने के बाद फुलबती ने 5 हजार रुपये का ऋण लेकर मछली पालन की शुरुआत की। इस छोटे से निवेश से उन्हें लगभग 20 हजार रुपये की आय हुई, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा। इसके बाद उन्होंने 10 हजार से लेकर 1 लाख रुपये तक का ऋण लेकर अपने व्यवसाय का विस्तार किया।

**मछली पालन से सालाना डेढ़ लाख की आमदनी-** आज फुलबती मरकाम मछली पालन से सालाना 1 लाख 50 हजार रुपये से अधिक की आय अर्जित कर रही हैं। इसके साथ ही वे मुर्गी पालन का कार्य भी कर रही हैं, जिससे आय के अतिरिक्त स्रोत विकसित हुए हैं। बिहान के अधिकारियों के मार्गदर्शन में फुलबती ने नारायणपुर में 10 दिवसीय मछली पालन प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें आधुनिक तकनीक, तालाब प्रबंधन और बाजार से जुड़ी महत्वपूर्ण



जानकारियां मिलीं, जिससे उनका व्यवसाय और सशक्त हुआ।

**बच्चों की शिक्षा का सपना हुआ साकार-** आर्थिक स्थिति में सुधार के बाद फुलबती अब अपने दोनों बेटों को बेहतर शिक्षा दिला पा रही हैं। उनका बड़ा बेटा रायपुर में बी.एड. की पढ़ाई कर रहा है। वे गर्व से कहती हैं कि जो सपना कभी अधूरा लगता था, आज वह साकार हो रहा है। आज फुलबती मरकाम न केवल एक सफल उद्यमी हैं, बल्कि ग्राम पंचायत चुरेगांव की निर्वाचित सरपंच भी हैं। वे गांव की अन्य महिलाओं को स्वरोजगार अपनाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

**महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनी फुलबती-** फुलबती का कहना है कि सही मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और आत्मविश्वास से महिलाएं अपनी तकदीर बदल सकती हैं। शासन की योजनाओं और बिहान के सहयोग से आज ग्रामीण महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं और समाज में नई पहचान बना रही हैं।

## सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात नियमों के सख्त पालन पर जोर

# कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच के अधिकारियों को निर्देश दिए कि चिन्हांकित दुर्घटनाजन्य ब्लैक स्पॉट क्षेत्रें में आवश्यक सुधार कार्य किए जाएं। बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट्स को शीघ्र दुरुस्त कराया जाए। सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों सीएमओ को निर्देशित किया गया कि मुख्य मार्गों के





डिवाइडर में लगे बैनर व पोस्टर तत्काल हटाए जाएं। इससे —श्य बाधा कम होगी और दुर्घटनाओं की आशंका घटेगी।

**यातायात नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई-** पुलिस एवं यातायात विभाग को निर्देश दिए गए कि मालवाहक वाहनों में सवारी ढोने पर सख्त कार्रवाई करें। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कड़ी निगरानी रखें। बिना लाइसेंस, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई करें। नाबालिगों द्वारा वाहन चालन पर भी सख्ती बरती जाए। बैठक में निम्न विषयों पर भी निर्देश दिए गए प्रमुख मार्गों पर गति सीमा का पालन सुनिश्चित करना, सड़क किनारे घूमने वाले मवेशियों से होने वाली दुर्घटनोंकथाम, ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर सुधारात्मक कार्यवाही। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम अजय उरांव, जिला परिवहन अधिकारी अतुल असैया सहित यातायात, पुलिस, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, स्वास्थ्य विभाग एवं नगर पालिका के अधिकारी उपस्थित रहे।

### जनदर्शन में कलेक्टर ने नागरिकों की सुनी समस्याएं

**कोण्डागांव।** साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला मुख्यालय के सभाकक्ष में जिले के विभिन्न क्षेत्रें से आए ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में सारगीपाल कोंडागांव निवासी ललित देवांगन ने उ. प्रा. शा. सरगीपाल पारा में शिक्षकों के पदोन्नति के बाद रिक्त पदों पर शिक्षक पदस्थ करने की मांग रखी, ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो। ग्राम पंचायत झाटीबन की सरपंच श्रीमती सोमारी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क एवं पुलिया निर्माण की मांग की। ग्राम काटागांव के किसानों ने धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने की मांग रखी, वहीं काटागांव निवासी मोतीराम मरकाम ने पीडीएस गोदाम की मांग की। मारंगपुरी निवासी विनय और लवकुश ने कार्य भुगतान नहीं होने की शिकायत की। ग्राम बालेंगा के सरपंच सुकमन मरकाम ने पुलिया निर्माण एवं उपस्वास्थ्य केंद्र में बाउंड्री वॉल की मांग रखी। ग्राम डोंगरीगुड़ा निवासी घनश्याम सोरी ने राशन दुकान और हाई स्कूल भवन की मांग प्रस्तुत की। इसके अलावा विभिन्न ग्रामों से आए नागरिकों ने अपनी अन्य समस्याएं एवं मांगें प्रस्तुत कीं। कलेक्टर ने सभी मामलों में संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## पेज 9 के शेष

### नक्सलियों के आश्रय...

बीएसएफ कमांडेंट कमल शर्मा, अनिल रावत, सेनानी संदीप पटेल एएसपी अक्षय सबद्रा, अजय कुमार, एसडीओपी लौकेश बंसल, डीएसपी आशीष नेताम, अविनाश कँवर व अजय कुमार सिंह के नेतृत्व एवं निर्देश में खोले गये नवीन सुरक्षा कैम्प निर्माण और स्थापना में नारायणपुर डीआरजी, बस्तर फॉईटर एवं बीएसएफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। एसपी ने बताया कि नारायणपुर पुलिस द्वारा नक्सल मुक्त सशक्त बस्तर की कल्पना को साकार रूप देने क्षेत्र में लगातार नक्सल विरोधी माड़ बचाओ अभियान संचालित किया जा रहा है। साथ ही अबूझमाड़ में लगातार नवीन कैम्प स्थापित करते हुए सड़क पुल-पुलिया निर्माण सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं को अंदरूनी गांव तक पहुंचाये जाने में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना सोनपुर के ग्राम बालेबेड़ा क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियानों एवं सोनपुर-गारपा-परियादी-काकुर-बालेबेड़ा एक्सिस तक सड़क निर्माण कार्य में सुरक्षा प्रदान करने एवं विकास कार्यो में सहयोग पहुंचाने के उद्धेश्य से नारायणपुर पुलिस ने घोर नक्सल प्रभावित माड़ क्षेत्र माओवादियों के आश्रय स्थल ग्राम बालेबेड़ा में नवीन कैम्प स्थापित किया गया है। यह नवीन कैम्प बालेबेड़ा थाना सोनपुर क्षेत्र में स्थित है जो जिला मुख्यालय नारायणपुर से 67 किलोमीटर थाना सोनपुर से 41 किलोमीटर तथा गारपा से 17 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। बालेबेड़ा का जंगल पहले प्रतिबंधित माओवादी संगठन कम्पनी 1 व 10 के बड़े नक्सल लीडरो का आश्रय स्थल रहा करता था जिसमे अब सुरक्षा बलो ने शांति और सुरक्षा स्थापित कर लोगो का भरोसा जीता है। पुलिस और प्रशासन को अपने दरवाजे पर पाकर बालेबेड़ा गांव के लोग बहुत सुरक्षित अनुभव कर रहे है।

### 20 साल से...

महारा समाज निरंतर घर वापसी करवा रहा है और आगे भी कुछ मतांतरीत परिवार भी स्वेच्छा से सनातन धर्म में घर वापसी के लिए तैयार हैं। शीघ्र ही विधिवत कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें सनातन परंपराओं से जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर महारा समाज के संभाग संयोजक विनय सोना, संरक्षक नवल नाग, जिला अध्यक्ष कन्हैया सोना, उपाध्यक्ष घनश्याम नाग, अमित मेहरा, जिला संयोजक मुन्ना बजरंगी, बजरंग दल के कार्यकर्ता सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

### पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



**ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**

**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है



- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

## खबर संक्षेप

### विश्व हिंदू परिषद ने कराया हिंदू सम्मेलन



**बचेली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के तहत विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में 14 दिसंबर को सनातन संगम का आयोजन किया गया। विगत एक माह से विश्व हिंदू परिषद के सदस्य तथा स्वयंसेवक द्वारा बचेली नगर के समस्त हिन्दू परिवार के घर-घर जाकर इस कार्यक्रम का निमंत्रण दिया गया था। कार्यक्रम के प्रारंभ में नगर पालिका क्षेत्र के मातृशक्ति द्वारा जशगीत की भक्तिमय प्रस्तुति की गई। तत्पश्चात मुख्य वक्ता के रूप में गुमरगुंडा आश्रम से स्वामी प्रेमस्वरूपानंद ने समाज को संबोधित किया। स्वामी ने समाज में पांच परिवर्तन हो ऐसा आग्रह किया। परिवार में संस्कार को बल दिया गया। पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, नागरिक दायित्व और स्वदेशी को प्रमुखता से अपने जीवन अपनाने को कहा। हिंदुत्व ही राष्ट्रीयता का परिचायक है, देश के जिस क्षेत्र से हिंदु समाज कमजोर होता है वह देश से अलग हो जाता है। कार्यक्रम में मनीष गुरु, खंड संघचालक, विकास अग्रवाल, विश्व हिंदू परिषद के विभाग संयोजक सहित अन्य गण मान्य जन उपस्थित रहें। कार्यक्रम के पश्चात भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया।

### जनसमस्या निवारण शिविर का वार्षिक कार्यक्रम जारी

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासन की योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीणों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में जनसमस्या निवारण शिविर 2025-26 का वार्षिक कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। यह शिविर दिसंबर से दिसंबर 2026 तक जिले के विभिन्न विकास खंडों की चयनित ग्राम पंचायतों में आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अनुसार दिसंबर में विकासखंड कटेकल्याण के ग्राम पंचायत महराकरका 17 दिसंबर एवं कुआकोण्डा के श्यामगिरी 24 दिसंबर में शिविर आयोजित होंगे। जनवरी में दंतेवाड़ा विकासखंड के दुगेली 8 जनवरी तथा कुआकोंडा के मदाडी 21 जनवरी में शिविर होंगे। फरवरी माह में गीदम के पाहुरनार 5 फरवरी एवं कटेकल्याण के गुड़से 18 फरवरी में शिविर प्रस्तावित हैं।

## निधन

### ठाकुर बृजेंद्र सिंह भदौरिया



**जगदलपुर।** नयापारा निवासी ठाकुर बृजेंद्र सिंह भदौरिया पुत्र स्वर्गीय विशंभर सिंह भदौरिया का आकस्मिक निधन सोमवार को दोपहर में हो गया। मंगलवार को अंतिम संस्कार इंद्रावती नदी के किनारे मुक्तिधाम में किया गया। दोपहर 2 बजे अंतिम यात्रा निवास से निकली। जिसमें परिजन, समाज के लोग, राजनीतिक, व्यवसायी, पत्रकार सहित शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में शामिल थे। मुक्तिधाम में हुई शोक सभा में 2 मिनट का मौन धारण कर मृतात्मा की शांति की कामना की गई। वे 3 पुत्र बृजेश सिंह भदौरिया (नीटू), राजेश सिंह भदौरिया (बिट्टू), देवेश सिंह भदौरिया (सोनू) समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

# सदियों पुराना लचित बोहरानी कार्यक्रम श्रद्धा के साथ हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

ग्राम घाटलोहंगा में पीला बाई माता महा माई कंकालीन के अनुमति से इंगलाजीन फिरनता, परदेसीन माता, इगलजिन माता के निगरानी सदियों से चली आ रही पारंपरिक आस्था लचित बोहरानी कार्यक्रम का आयोजन पूरे श्रद्धा और विधि-विधान के साथ किया गया। इस अवसर पर पीला बाई माता गुड़ी परिसर में महामाई झंडा प्रांगण से गांव में व्याप्त दुष्ट शक्तियों, माता-बीमारियों एवं अन्य समस्याओं के निवारण की कामना की गई।

■ बड़ी संख्या में ग्रामीणजन रहे उपस्थित

परंपरा के अनुसार ग्रामीणों ने अपने-अपने घरों से टूटे-फूटे टुकना, सूपा, झाड़ू आदि सामग्री एकत्र कर माता गुड़ी परिसर में ढेर किया। इसके पश्चात विधिवत पूजा-पाठ, हवन एवं विशेष अनुष्ठान कर बोहरानी की रस्म संपन्न कराई गई। मान्यता है कि इस अनुष्ठान से गांव में फैली नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है तथा सुख-समृद्धि, शांति और स्वास्थ्य का आगमन होता है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर महामाई झंडा को विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर तेतरखूंटी तक पहुंचाया गया। इस दौरान पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण बना रहा तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने बताया कि यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है और हर वर्ष सामूहिक सहभागिता से इसका आयोजन किया जाता है, जिससे गांव में आपसी भाईचारा, शांति और खुशहाली बनी रहती है। इस अवसर पर ग्राम पुजारी अलदेव बघेल, माटीपुजारी मनीराम बघेल, सरपंच पति कमल भद्रे, उपासरपंच यमुना तिवारी, कोटवार सिराह इंगलाजीन फिरंता असवारी गदाधर ठाकुर, इंगलाजीन माता असवारी बलराम राम बघेल, परदेसीन बाऊडी असवारी बामदेव बघेल, यसवंत तिवारी, मन्ना प्रसाद तिवारी, फूलसिंग बघेल, गंगा तिवारी, बुलकु बघेल, सुखनाथ ठाकुर, गोपी नाग, सुलधर नांग, गिरिसिंग नांग एवं समस्त ग्रामीण उपस्थिति थे।



## पेदाबोड़केल में सुरक्षा कैंप स्थापित

# चिंतलनार, रायगुडेम मार्ग कनेक्ट नक्सलवाद पर कड़ा प्रहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा



नक्सल प्रभावित क्षेत्र में शांति और विकास लाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पुलिस प्रशासन ने ग्राम पेदाबोड़केल में एक नवीन सुरक्षा कैंप स्थापित किया है। यह स्थापना छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार आपका अच्छा गांव आपका अच्छा जंगल के तहत की गई है। जिसका उद्देश्य सुदूरवर्ती ग्रामीणों को विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाना है। इस नए कैंप की स्थापना से चिंतलनार से रायगुडेम मार्ग सीधा जुड़ गया है, जिससे दोनों स्थानों के बीच की दूरी काफी कम हो गई है। सुरक्षा कैंप की मौजूदगी से क्षेत्र में सुरक्षा का वातावरण सुदृढ़ होगा और ग्रामीणों को सड़क, पुल-पुलिया निर्माण, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, पीडीएस दुकानें, बेहतर शिक्षा और मोबाइल कनेक्टिविटी जैसी मूलभूत सुविधाओं से सीधे लाभान्वित होने का अवसर मिलेगा।

■ सड़क, पानी, स्वास्थ्य से हो पाएंगे लाभान्वित

### प्रमुख अधिकारियों का प्रयास हुआ सफल

एसपी किरण चव्हाण के निर्देशन में और बस्तर आईजी सुन्दरराज पी. सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में, यह कैंप 10 दिसंबर को स्थापित किया गया। नक्सल उन्मूलन अभियान एवं विकासात्मक कार्यो में तेजी लाने कमलोचन कश्यप पुलिस उप महानिरीक्षक दंतेवाड़ा, आनंद राजपुरोहित उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ सुकमा के मार्गदर्शन एवं नीरज सिंह राठौर, कमांडेंट 223 बीएन सीआरपीएफ, अमित चौधरी कमांडेंट कोबरा 201 का विशेष सहयोग रहा।

इस कदम को माओवादियों के विरुद्ध एक बड़ी रणनीतिक सफलता के रूप में देखा जा रहा है। पेदाबोड़केल जैसे अति संवेदनशील माओवाद प्रभावित क्षेत्र में कैंप की स्थापना से नक्सल विरोधी अभियानों में तेजी आएगी, जिससे क्षेत्र के आम-जन के जीवन में शांति, सुरक्षा और विकास की नई दिशा मिलेगी।

### नियद नेल्लानार योजना का बड़ा असर

वर्ष 2024 से अब तक जिला सुकमा में सुरक्षा बलों द्वारा कुल 22 नवीन कैंपों की स्थापना की जा चुकी है जिनमें टेकलगुड़ेम, रायगुडेम, गोलाकोण्डा और अब पेदाबोड़केल भी शामिल है। इस पहल ने नक्सल उन्मूलन में अभूतपूर्व तेजी लाई है। वर्ष 2024 से अब तक 599 नक्सलियों ने नक्सल विचारधारा को त्यागकर आत्मसमर्पण किया है। सुरक्षा बलों ने विभिन्न अभियानों में 68 माओवादियों को मार गिराने और 460 माओवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है।नए सुरक्षा कैंपों की लगातार स्थापना से क्षेत्र के आम-जन में उत्साह का माहौल है, जो यह दर्शाता है कि छत्तीसगढ़ शासन की यह रणनीति, विकास और सुरक्षा के बल पर, नक्सलवाद को उसकी जड़ों से खत्म करने में सफल हो रही है।

## सीसी सड़क निर्माण के लिए नपा अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

नगर पालिका परिषद किरंदुल में मंगलवार को प्रसाद वार्ड में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सीसी रोड निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया। यह कार्य क्षेत्र के नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को ध्यान में रखते हुए प्रारंभ किया जा रहा है।

भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर पालिका की अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह और वार्ड पार्षद गोपीनाथ हरिजन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष बबलू सिद्दकी, पार्षगण एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह तथा स्थानीय गणमान्य नागरिकों की भी उपस्थिति रही।बता दे कि रोड अत्यधिक क्षतिग्रस्त था जिसके तहत नवीन रोड का निर्माण कराया जा रहा है जो वार्ड पार्षद के घर के पास स्थित पुलिया से लेकर मोहल्ला के अंतिम छोर तक बनाया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि "नगर के प्रत्येक वार्ड में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, और यह कार्य उसी श्रृंखला का हिस्सा है। वार्ड पार्षद गोपीनाथ हरिजन ने भी भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में अध्यक्ष के अनुशंसा से वार्ड में और भी विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपेक्षा जताते हुए कहा कि जनहित ही हमारी प्राथमिकता है। नागरिकों ने विकास कार्यों पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए पालिका अध्यक्ष एवं पार्षद के प्रति आभार व्यक्त किया।

## हितग्राहियों को किस्तों का भुगतान जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

नगर पालिका परिषद दंतेवाड़ा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत शहरी क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य लगातार प्रगति पर है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पारदर्शी भुगतान प्रणाली के माध्यम से अब तक कुल 7 हितग्राहियों को रुपये 4.89 लाख की अनुदान राशि का भुगतान सफलतापूर्वक किया जा चुका है। आगामी चरण में कुल 5 अतिरिक्त हितग्राहियों को अनुदान राशि का भुगतान किए जाने हेतु संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी कार्यालय में बिल प्रेषित कर दिया गया है। यह राशि सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में डीबीटी प्रणाली के माध्यम से हस्तांतरित की गई है। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका परिषद कों पीएमजीएसवाय 2.0 योजना के तहत 32 आवास स्वीकृत किए गए थे। इस क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत बीएलसी (प्रथम चरण) तथा पीएमजीएसवाय 2.0 के तहत निर्माणाधीन सभी आवासों में नियमानुसार निर्माण प्रगति होने पर, यथा नींव, लिंटल, छत एवं पूर्णता स्तर पर कार्य पूर्ण होगा, उसी अनुरूप शत-प्रतिशत अनुदान राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।

इसके साथ ही कुछ हितग्राहियों के आधार सीडिंग, बैंक खाता लिंकिंग से संबंधित तकनीकी समस्याएँ सामने आई हैं, जिनके समाधान हेतु नगर निकाय द्वारा संबंधित विभागों एवं बैंकों के समन्वय से निरंतर कार्य किया जा रहा है, ताकि किसी भी पात्र हितग्राही को अनुदान प्राप्त करने में कोई बाधा न आए। नगरपालिका परिषद अंतर्गत सभी पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से योजना का लाभ देने हेतु सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

## व्यापारी संघ ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी व अनुविभागीय अधिकारी से की मुलाकात



**दंतेवाड़ा।** नगर में रोड के किनारे अवैध रूप से लगा रहे दुकानों को नगर पालिका द्वारा चिन्हित क्षेत्र में लगाने के लिए मांग की गई एवं अंदर गांव में जाने वाले फेरी वालों की सूची दंतेवाड़ा थाने में आवश्यक रूप से लिखवाने के लिए कहा गया है। जिसमें वह अपना परिचय पत्र एवं अन्य दस्तावेज सौंपेंगे। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा इस पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने भी इस बात पर सहमति जताई कि दंतेवाड़ा बाईपास पुल टूटने की वजह से नगर में हैवी ट्रैफिक है। जिसके कारण एक्सीडेंट होने की संभावना बहुत प्रबल है। इसलिए दंतेवाड़ा नगर में व्यवस्थित रूप से दुकानों को लगाने का कार्य किया जाएगा इस मुलाकात में सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष सुरेश कर्मा बल्लू भवानी व्यापारी संघ अध्यक्ष मनोज सुराणा, प्रमोद गुप्ता, अमित, पुष्पराज, पटेल अंकज, चंदाराम, शनतनु, साजिद, पारख एवं संघ के सदस्य सम्मिलित हुए।

## पीएम आवास योजना से साकार हुआ पक्का घर का सपना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिले के विकासखंड जनपद पंचायत गीदम अंतर्गत ग्राम पंचायत जावंगा में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने एक गरीब परिवार के जीवन को नई दिशा दी है। ब्लॉक मुख्यालय से मात्र 3 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत जावंगा के निवासी ब्रिजेश वेको वर्षों से कृषि एवं मजदूरी के सहारे अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। सीमित आय और कठिन परिस्थितियों के चलते पक्का मकान बनवाना उनके लिए एक दूर का सपना था। ब्रिजेश वेको का पुराना घर पूरी तरह कच्चा था। कच्ची दीवारें और छप्पर की छत बरसात के मौसम में परिवार की सबसे बड़ी परेशानी बन जाती थीं। बारिश होते ही छत से पानी टपकने लगता था, जिससे घर के भीतर रहना मुश्किल हो जाता था। कई बार रातें जागकर गुजारनी पड़ती थीं और बच्चों व परिवार के सदस्यों को असुरक्षित हालातों में रहना पड़ता था। ऐसे हालातों में जीवन यापन करना किसी संघर्ष से कम नहीं था। 2024-25 में जब प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की पात्रता सूची में ब्रिजेश वेको का नाम शामिल हुआ तो उनके परिवार के लिए यह किसी सौगात से कम नहीं था। योजना के अंतर्गत उन्हें आवास निर्माण हेतु 1 लाख 20 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। साथ ही मनरेगा के तहत 90 दिवस की मजदूरी की राशि सीधे उनके बैंक खाते में अंतरित की गई। इस आर्थिक सहयोग ने उनके वर्षों पुराने सपने को हकीकत में बदल दिया। आवास निर्माण पूर्ण होने के पश्चात 4 मार्च को ब्रिजेश वेको को पक्का, मजबूत और सुरक्षित घर मिला। अब बरसात के दिनों में छत से पानी टपकने की चिंता नहीं रही। पक्का आवास मिलने से परिवार का जीवन स्तर बेहतर हुआ है और भविष्य को लेकर नई उम्मीदें जगी हैं। बच्चों की पढ़ाई और परिवार के स्वास्थ्य पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने ब्रिजेश वेको जैसे जरूरतमंद परिवारों को केवल पक्की छत ही नहीं दी, बल्कि उन्हें सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की नई पहचान भी प्रदान की है।

# बंडा दिखाकर भय उत्पन्न करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली




आम जनता को बण्डा दिखाकर भय उत्पन्न करने वाले आरोपी संतोष झाड़ी पिता स्व. समैया झाड़ी उम्र 36 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 1 बोटीपारा बचेली को पुलिस गिरफ्तार किया है। आरोपी ने प्रार्थी को जान से मारने की धमकी दे रहा था, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना बचेली में प्रार्थी द्वारा 15 दिसम्बर को थाना में उपस्थित होकर बोटीपारा बचेली का रहने वाला संतोष झाड़ी को दोपहर में प्रार्थी के घर के सामने बण्डा लेकर लहराते हुये गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहा है। रिपोर्ट पर थाना बचेली में अपराध पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी बचेली निरीक्षक मधुनाथ ध्रुव के नेतृत्व में आरोपी संतोष झाड़ी को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ कर एक नग लोहे का बण्डा जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध पूर्व में भी थाना बचेली में अपराध दर्ज है। आरोपी आदतन अपराधी है जिसे 16 दिसम्बर को गिरफ्तार कर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय दंतेवाड़ा के समक्ष प्रस्तुत कर रिमांड पर जेल भेजा गया है। इस कार्यवाही में अधिकारी-कर्मचारी में निरीक्षक मधुनाथ ध्रुव, उप निरीक्षक रूपेश नारंग, उप निरीक्षक रामकुमार जैन, सहायक उप निरीक्षक गोवर्धन निर्मलकर व आरक्षक गजेन्द्र ध्रुव थाना बचेली शामिल रहे।

## सीनियर छात्रा टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर बढ़ाया मान

# जिले के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा




बस्तर ओलंपिक के भव्य समापन समारोह में दंतेवाड़ा जिले के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर जिले को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया और खेल भावना का उत्सव मनाया गया। समापन समारोह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित अन्य मंत्रीगणों की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित हुआ। समारोह के दौरान अतिथियों ने बस्तर अंचल के युवाओं की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और आत्मविश्वास को भी मजबूत करता है। बस्तर ओलंपिक में दंतेवाड़ा जिले ने कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, हॉकी एवं रस्साकशी जैसी प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। कबड्डी में सीनियर छात्रा वर्ग में रजत पदक एवं सीनियर छात्र वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त हुआ। वॉलीबॉल में सीनियर छात्रा टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया, जबकि सीनियर छात्र टीम ने रजत तथा जूनियर छात्र टीम ने कांस्य पदक हासिल किया। खो-खो में जूनियर छात्र टीम को रजत एवं सीनियर छात्र टीम को कांस्य पदक मिला। हॉकी में जूनियर छात्रा टीम ने कांस्य पदक प्राप्त किया, वहीं रस्साकसी में सीनियर छात्रा टीम ने भी कांस्य पदक जीतकर जिले के पदक खाते में इजाफा किया।

समापन समारोह में पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। जिला प्रशासन, खेल विभाग एवं प्रशिक्षकों ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और विश्वास जताया कि दंतेवाड़ा के खिलाड़ी आने वाले समय में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी अन्य खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

## सुशासन दिवस पर होंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा




जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज समय सीमा बैठक का आयोजन कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में कलेक्टर ने सर्वप्रथम दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में नये खोले जाने वाले प्रस्तावित शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संबंध में कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली को व्यापक और अधिक लाभकारी एवं सुविधाजनक बनाने हेतु नवीन पीडीएस दुकान खोले जाएगें। इसके अंतर्गत खाद्य विभाग पीडीएस दुकान आवश्यकता वाले ग्राम पंचायतों की सूची शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिष्चित करें। इस संबंध मेंषासन के निर्देषनुरूप पीडीएस दुकान प्रारंभ करने के मानक अनुसार ग्राम पंचायतों की सूची का निर्धारण करें। शिक्षा विभाग से संबंधित मूल स्थान से अन्यत्र शिफ्टिंग हुए शालाओं को पुनः मूल स्थान से ही संचालन बाबत विषय पर कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा एवं आदिवासी विकास शाखा द्वारा इस संबंध में तुरंत आवश्यक कार्यवाही करें। इसके अलावा बैठक में कलेक्टर ने बताया कि ई ऑफिस प्रणाली के संबंध में राज्य शासन के निर्देशानुसार शासन के डिजिटलीकरण किए जाने के दिशा में अब जिले के सभी कार्यालयों में फ़ाइलों दस्तावेजों और पत्राचार नोटशीट का प्रबंधन डिजिटल के माध्यम से किया जाएगा। और इस प्रकार आगामी माह जनवरी से कार्यालयों में ऑनलाइन पत्राचार, नोटशीट फाइलें आदान प्रदान की प्रक्रिया पर प्रतिबंध, लागू हो जाएगा।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 1961/ब-121/2025-26

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक धनसिंग पिता बोटा बघेल जाति माहरा ग्राम कोलावल तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने पुत्र स्व. लखन बघेल निवासी ग्राम कोलावल तहसील करपावण्ड, जिला बस्तर छ.ग. का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के पुत्र स्व. लखन बघेल पिता धनसिंग बघेल ग्राम कोलावल का दिनांक 25/07/2024 को मृत्यु हुई है। आवेदक धनसिंग बघेल पिता बोटा बघेल जाति माहरा ग्राम कोलावल तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के पुत्र स्व. लखन बघेल मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 17/12/2024 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 04/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर**

# हार्दिक शुभकामनाएं

हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION

सत्य के सजग प्रहरी
बस्तर समेत संपूर्ण छत्तीसगढ़ एवं देश के दिल की आवाज
निष्पक्ष, निर्भीक एवं विश्वसनीय अखबार
संस्कारधानी बिलासपुर से राजधानी रायपुर तक
पाठकों की पहली पसंद





## हरिभूमि
रायपुर संस्करण

**के 24वें स्थापना दिवस पर**
**हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं**

## प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ छत्तीसगढ़
## जिला बस्तर परिवार



राजकिशोर तिवारी
प्रदेश अध्यक्ष



डेसनाथ पाण्डे
प्रदेश महासचिव



अमलेस ठाकुर
संभागीय अध्यक्ष



माया वैद्य
संभागीय संगठन मंत्री



मसूराम मंडावी
ब्लॉक अध्यक्ष, लोहण्डीगुड़ा



आशा निधि आनंद
ब्लॉक अध्यक्ष, बकावंड



मीरा ठाकुर
प्रदेश कोषाध्यक्ष



चन्द्रभूषण ठाकुर
प्रदेश सहसचिव



कृष्णा बघेल
जिलाध्यक्ष बस्तर



नेत्री पाढ़ी
जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ



सूदन मौर्य
ब्लॉक अध्यक्ष, बस्तर



तुलसीराम साहू
ब्लॉक अध्यक्ष, जगदलपुर



# दो महिला किसानों को मिला मिलेनियर फार्मर ऑफ इंडिया का राष्ट्रीय सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के सुदूर वनांचल बस्तर जिले की महिलाएं अब अपनी मेहनत और जज्बे से खेती-किसानी के क्षेत्र में राष्ट्रीय पटल पर नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। इसी कड़ी में बस्तर जिले के बकावंड जनपद की दो प्रगतिशील महिला किसानों ने देश की राजधानी में अपनी सफलता का परचम लहराया है। नई दिल्ली के पूसा स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित एक भव्य समारोह में इन महिलाओं को प्रतिष्ठित मिलेनियर फार्मर ऑफ इंडिया-2025 अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, जो पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है।

सम्मानित होने वाली इन महिलाओं में छिंदगांव की सुमनी कश्यप और करीतगांव की नेत्री बाई कश्यप शामिल हैं। ये दोनों महिलाएं बिहान योजना के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं और पिछले कुछ समय से खेती में नए प्रयोग कर रही हैं। कृषि जागरण द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री अजय मिश्रा टेनी, कृषि वैज्ञानिक एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. मांगी लाल जाट ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को अन्नदाता और मिट्टी को सोना बनाने वाला बताकर उनकी भूमिका को सराहा गया।

यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है क्योंकि प्रतिकूल परिस्थितियों और रोजगार के लिए शहरों की ओर होते पलायन के दौर में इन महिलाओं ने अपने गांव में ही रहकर संघर्ष का रास्ता चुना। उन्होंने अपने क्षेत्र में मौजूद संसाधनों का सदुपयोग करते हुए कृषि में नवाचार, बेहतर उत्पादन और आधुनिक तकनीकों को अपनाया। इनके इस प्रयास ने न केवल उन्हें आर्थिक रूप से समृद्ध किया है, बल्कि वे आत्मनिर्भरता का एक ज्वलंत उदाहरण बनकर उभरी हैं।

### बस्तर की महिलाओं ने लहराया परचम



#### महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम

दिल्ली के इस कार्यक्रम में बस्तर की इन महिला किसानों ने आधुनिक कृषि तकनीक, स्टार्टअप, मार्केटिंग और उद्यमिता पर आयोजित विभिन्न सत्रों में भाग लिया, जिससे उन्हें वैश्विक स्तर के कृषि बदलावों को समझने का मौका मिला। बस्तर से निकलकर देश की राजधानी में प्रतिनिधित्व करना महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है और इनकी यह सफलता निश्चित रूप से क्षेत्र के लाखों युवाओं व महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश कार्य समिति सदस्य बने पिंटू साव



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा में अभिषेक साव (पिंटू) को प्रदेश कार्य समिति सदस्य बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इस जिम्मेदारी को निष्ठा और ईमानदारी से पूरा करेंगे।

### संगठन कौशल का लाभ नितिन नबीन को मिला : पाण्डेय



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रभारी व बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री नितीन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जाने पर बस्तर जिले के कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने जारी बयान में कहा कि केन्द्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि प्रदेश प्रभारी रहते हुये संगठन कौशल व रणनीतिक मोर्चे पर उन्होंने कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार कर लगातार विजयी बनाने में महती भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि नीतिन नबीन ज़मीन से जुड़ी राजनीति के प्रतीक है इसीलिये जनता जनार्दन के साथ एवं कार्यकर्ताओं से उनका जीवंत संपर्क है।

### डॉ अभिषेक भार्गव ने एमडी मेडिसिन की उपाधि प्राप्त की



**जगदलपुर।** बस्तर अंचल के होनहार छात्र डॉ अभिषेक भार्गव ने चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। केंद्रीय विद्यालय जगदलपुर से प्रारंभ हुई उनकी शैक्षणिक यात्रा अब उन्हें चिकित्सा विशेषज्ञ (एमडी मेडिसिन) के रूप में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय तक ले गई है। डॉ अभिषेक भार्गव ने नीट यूजी को प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण कर एमबीबीएस की पढ़ाई पूर्ण की। इसके उपरांत उन्होंने नीट पीजी परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर उत्कृष्ट रैंक प्राप्त करते हुए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय ग्वालियर से एमडी मेडिसिन की उपाधि अर्जित की। डॉ अभिषेक भार्गव का अगला लक्ष्य नीट सुपर स्पेशियलिटी परीक्षा उत्तीर्ण कर हृदय रोग विशेषज्ञ बनना है। इस सफलता के पीछे उनके परिवार का अहम योगदान रहा है। वे जगदलपुर जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में कार्यरत डॉ राकेश भार्गव एवं आयुष विभाग में सेवाएं दे रहीं डॉ प्रेम कुमारी के सुपुत्र हैं। बड़े भाई कपिल भार्गव, जो कंप्यूटर विज्ञान में एमटेक हैं और वर्तमान में बेंगलुरु में कार्यरत हैं, को अपना आदर्श मानते हैं। माता-पिता का मार्गदर्शन, भाई की प्रेरणा और स्वयं की मेहनत ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है।

### अवैध धान की आवक रोकने करें सख्त कार्रवाई

# धान खरीदी कार्य को गंभीरता से करें सुनिश्चित : हरिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- समय-सीमा की बैठक में दिए निर्देश



कलेक्टर हरिस एस ने मंगलवार को विभिन्न विभागों की योजनाओं, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं-कार्यक्रमों की प्रगति की व्यापक समीक्षा समय-सीमा की बैठक के दौरान की। कलेक्टर ने धान खरीदी व्यवस्थाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए कहा कि धान खरीदी कार्य को पूरी गंभीरता के साथ सुनिश्चित करें। इस दिशा में किसानों को टोकन की उपलब्धता, बारदाने की व्यवस्था, समय पर धान की तौल इत्यादि को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जाए। नोडल अधिकारी धान खरीदी केन्द्रों के प्रतिदिन व्यवस्थाओं का संज्ञान लेकर सप्ताहांत के दिन में मौका मुआयना भी करें। किसानों के टोकन के आधार पर गेट पास ऐप में फोटो अपलोड अनिवार्य तौर पर किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि अवैध धान की आवक रोकने के लिए सख्त कार्रवाई करें और इस हेतु टीम को सक्रिय रखने सहित सूचना तंत्र को मजबूत कर आवश्यक कार्रवाई निरन्तर सुनिश्चित करें। उन्होंने खरीदी केंद्रों में पेयजल, शौचालय, शेड, बैठने की व्यवस्था रखने कहा और केंद्र में प्रदर्शित संपर्क नंबर सक्रिय रखे जाने के निर्देश दिए। वहीं साप्ताहिक ऑनलाइन रिपोर्ट नहीं देने वाले 19 नोडल अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा सभी धान संग्रहण केंद्रों की तैयारियां समय पर पूर्ण करने कहा। उन्होंने कस्टम मिलिंग के लिए राइस मिलर्स पंजीयन, अनुबंध, उठाव की स्थिति की भी समीक्षा की।

कलेक्टर ने धान विक्रय करने वाले किसानों का रकबा समर्पण करने की पर जोर देते हुए कहा कि जो किसान अपनी आवश्यकता के अनुरूप धान बेच चुके हैं उनका रकबा समर्पित करवाया जाए। उन्होंने इस कार्य में प्रगति लाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में महिला एवं बाल विकास के विभागीय योजनाओं की प्रगति के साथ ही मनरेगा के तहत निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन, विकासखंड स्तर पर रेडी टू ईट उत्पादन ईकाई के कार्य की प्रगति और ईकाई में निर्मित खाद्य सामग्री की गुणवत्ता जांच एवं पोषण ट्रेकर एप में एंट्री के संबंध में चर्चा की। कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग के उल्लास योजना, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना और जाति प्रमाण पत्र प्रदाय की स्थिति की समीक्षा की। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत आधार रीडिंग एवं किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण सुविधा देने प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने शासकीय भवन यथा स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन, पीडीएस दुकान के निर्माण हेतु भूमि आबंटन संबंधी प्रकरणों के निराकरण हेतु एसडीएम को विशेष रूप से त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

इस अवसर जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, ऋषिकेश तिवारी, आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा, सहायक कलेक्टर विपिन दुबे सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी अघनपुर में गंदगी का दंश, नागरिक परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- नालियों से सड़क पर बहता गंदा पानी, आवाजाही बनी चुनौती
- दो-तीन वर्षों से शिकायतें, समाधान अब तक शून्य

नगर निगम में सम्मिलित छत्रपति शिवाजी वार्ड स्थित न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी अघनपुर में नियमित सफाई व्यवस्था न होने से हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। कॉलोनी की नालियों का गंदा पानी सड़क पर जमा हो रहा है, वहीं कई स्थानों पर सेप्टिक चैंबर ओवरफ्लो होने से दुर्गंधयुक्त पानी सड़कों पर बह रहा है। इससे कॉलोनीवासियों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रामा रेसिडेंसी की नवनिर्मित इमारतों में क्यूरिंग के दौरान बहने वाला पानी और सड़क पर फैला गंदा पानी मिलकर स्थिति को और भयावह बना देता है। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए फिसलन भरी सड़कें जोखिम का कारण बन रही हैं। स्वच्छता के अभाव से मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी आशंकाएं भी गहराती जा रही हैं।

### कॉलोनीवासियों की पीड़ा

पिछले दो-तीन वर्षों से कॉलोनीवासियों ने तत्कालीन महापौर से लेकर वर्तमान महापौर, पूर्व आयुक्तों एवं वर्तमान आयुक्त तक लिखित व मौखिक शिकायतें कीं, निरीक्षण के आश्वासन मिले पर नियमित सफाई, नाली मरम्मत और सेप्टिक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया। जिससे नागरिकों में आक्रोश और निराशा दोनों बढ़ते जा रहे हैं।

## 21 रन देकर दीपक ने हैट्रिक के साथ 5 विकेट लेकर दिलाई जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ करपावंड



मारुति इलेवन क्रिकेट क्लब करपावंड के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में मंगलवार को एक मुकाबला खेला गया।

**करपावंड ने कुम्हरावंड को हराया**

मारुति इलेवन करपावंड बनाम कुम्हरावंड की टीम के बीच मैच हुआ। कुम्हारावंड की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। 12 ओवरों में 91 रनों का लक्ष्य मारुति इलेवन करपावंड के सामने रखा। इस लक्ष्य को 8.3 ओवर में ही हासिल कर लिया। जिसमें गोलू देवांगन ने 24 गेंदों में 36 रन, करण देवांगन 11 गेंदों में 29 रन और संजू देवांगन 12 गेंदों में 19 रन की पारी खेली। इस मैच के मैन ऑफ द मैच रहे दीपक देवांगन जिन्होंने 2 ओवर में 21 रन देकर शानदार हैट्रिक के साथ 5 विकेट अपने नाम किया। इसी जीत के साथ मारुति इलेवन करपावंड की टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

आज के अतिथि नागेंद्र नाथ बलिहार, राजू देवांगन, पूर्व सरपंच सामो राम कश्यप, जयमन देवांगन, शंकर ठाकुर, राजेश जैसवार, गणेश मरकाम और मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश गुप्ता रहे। मैंन ऑफ द मैच का पुरस्कार बस्तर स्पोर्ट्स करपावंड के संजू देवांगन ने दिया। आज के मुख्य अंपायर संपत भारती और खगे भारती रहे।

### कल और परसों होंगे सेमीफाइनल

पहला सेमीफाइनल नैनमुर बनाम मार्केल के बीच गुरुवार को मैच खेला जाएगा और दूसरा सेमीफाइनल मारुति इलेवन करपावंड बनाम तारापुर के बीच 19 दिसंबर को खेला जाएगा। दोनों ही मुकाबला दोपहर 1 बजे चालू होगा।

### सुपरवाइजर पर कार्रवाई की मांग, सौंपा ज्ञापन



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी संघ ने सीएमएचओ को ज्ञापन सौंप कर सीएचसी किलेपाल पदस्थ सुपरवाइजर पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। संघ के अनुसार सुपरवाइजर अक्टूबर 2024 से बिना संचालक स्वास्थ्य सेवाएं रायपुर के आदेश या अनुमोदन के जिला मीडिया प्रभारी के रूप में सीएमएचओ कार्यालय जगदलपुर में कार्यरत हैं, जबकि सुपरवाइजर को प्रभारी मीडिया अधिकारी का दायित्व सौंपने संबंधी कोई आदेश जारी नहीं हुआ था। संघ ने बताया कि कई शिकायत के आधार पर कलेक्टर बस्तर के मौखिक निर्देश पर कार्यालय पत्र के आधार पर 20 नवंबर को उनके मूल पद स्थापना स्थल सीएचसी तोकापाल के लिए कार्यमुक्त कर दिया गया था। इसके बावजूद आज दिनांक तक उन्होंने तोकापाल का कार्य ग्रहण नहीं किया। संघ ने मांग की कि कार्यमुक्त तिथि के पश्चात कार्यभार ग्रहण नहीं करने की अवधि को अनुपस्थित दिवस मनाते हुए वेतन कटौती की जाए तथा समय पर कार्यभार ग्रहण नहीं करने और शासन के आदेशों की अवहेलना के आरोप में संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध निलंबन के कार्रवाई की जाए।

## किसानों के उन्नति के लिए हरसंभव करेंगे प्रयास : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- भाजपा के वरिष्ठ नेता श्रीनिवास मिश्रा बने बैंक के उपाध्यक्ष



बस्तर के वरिष्ठ भाजपा नेता श्रीनिवास मिश्रा को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक का उपाध्यक्ष बनाया गया है। किसान नेता को मिले इस जिम्मेदारी से उनके समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। सुबह से ही लोग उनके निवास पहुंचकर इस महत्वपूर्ण नई जिम्मेदारी के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते रहे। बैंक के सीईओ समेत अन्य अधिकारी भी उनके निवास पहुंचकर बुके से अभिनंदन किया। हरिभूमि से चर्चा में श्रीनिवास मिश्रा ने कहा कि जिला सहकारी बैंक का काम किसानों को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाना होता है। मैं खुद किसान हूं यह भली भांति जानता हूं कि खेती किसानी के काम में कितनी मेहनत और कृषि संबंधी सामानों की जरूरत पड़ती है। बस्तर के किसान जो पहले केवल धान की फसल लेकर बारिश के पानी पर निर्भर रहते थे। वे अब दो तीन फसल ले रहे और जल के सभी स्त्रोत का फायदा भी उठा रहे है। मेरा प्रयास रहेगा कि बस्तर के किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो और खेती किसानी का ज्यादा से ज्यादा फायदा मिले। उन्होंने कहा कि बैंक के अधिकारियों और लैम्पस सोसायटियों के लोगों से भी यह अपेक्षा रहेगी कि वे किसानों की जरूरतों का समय पर त्वरित निराकरण करें।

### दिनेश बने फिर अध्यक्ष

पूर्व सासंद तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जगदलपुर के पूर्व अध्यक्ष रहे दिनेश कश्यप को पुनः अध्यक्ष का दायित्व मिला है। वे वन मंत्री केदार कश्यप के बड़े भाई हैं।

## बकावंड के पंचो को अधिकार कर्तव्य का मिल रहा प्रशिक्षण

**बकावंड।** जनपद पंचायत बकावंड में ग्राम पंचायत कौड़ावंड के पंचो ने सामान्य अभिमुखीकरण प्रशिक्षण में भाग लिया। मुख्य कार्यपालन के मार्ग दर्शन में 93 पंचायत के पंचो का प्रशिक्षण जारी है जहां लगभग 600 पंचो का प्रशिक्षण हो चूका है। बाकि पंचो का प्रशिक्षण इस माह के अंत तक पूरा किया जाना है। जो पंचायती राज में पंचो व महिला पंचो को अपने अधिकार, कर्तव्य और जिम्मेदारी के साथ अपने पंचायत को मजबूत बना सके।



## अयोध्या धाम में होगा पेंशनरों का समागम



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ का दो दिवसीय चतुर्थ राष्ट्रीय अधिवेशन अयोध्या धाम स्थित प्रेमकुंज गार्डन में आयोजित किया जाएगा। उद्घाटन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस राष्ट्रीय अधिवेशन में 22 राज्यों से 1000 से अधिक पेंशनर प्रतिनिधि भाग लेंगे।

अधिवेशन में बस्तर संभाग के बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, जगदलपुर और कांकेर से कुल 81 पेंशनर, जबकि पूरे छत्तीसगढ़ से 209 पेंशनर प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव के नेतृत्व में 18 दिसंबर को अयोध्या धाम के लिए रवाना होंगे। बस्तर से बड़ी संख्या में मातृ शक्ति की सहभागिता भी इस अधिवेशन की रहेगी। संभागीय अध्यक्ष राम नारायण ताटी ने बताया कि अधिवेशन में पेंशनरों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर निर्णय लिए जाएंगे।

### 161 नवनियुक्त नगर सैनिकों का दीक्षांत समारोह

# मुख्य अतिथि लकड़ा ने ली परेड की सलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



रायपुर संभाग के 161 नवनियुक्त नगर सैनिकों के 34 दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण सत्र का आज समापन हुआ। इस अवसर पर आयोजित भव्य दीक्षांत परेड समारोह में जवानों ने अद्भुत अनुशासन और कर्तव्य निष्ठा का परिचय दिया। उल्लेखनीय है कि नवनियुक्त नगर सैनिकों को शारीरिक और मानसिक रूप से दक्ष बनाने के लिए आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षण प्रभारी संजय मिश्रा एवं जिला सेनानी संतोष मार्बल के कुशल नेतृत्व में किया गया। उनके मार्गदर्शन में पिछले 34 कार्य दिवसों के दौरान जवानों ने कठिन परिश्रम करते हुए बुनियादी प्रशिक्षण की बारीकियों को सीखा, जिसका प्रदर्शन आज की परेड में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर आयोजित इस दीक्षांत समारोह में मुख्यालय के सीनियर स्टाफ ऑफिसर तथा बस्तर संभाग के प्रभारी संभागीय सेनानी वीके लकड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। लकड़ा ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली और नवनियुक्त सैनिकों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें जनसेवा के लिए प्रेरित किया।

समारोह की गरिमा बढ़ाने के लिए बस्तर संभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बस्तर संभाग के समस्त जिला सेनानी विशेषकर पीवी सितार एवं मनोहर चैहान ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और जवानों का उत्साहवर्धन किया। समारोह का समापन हर्षोल्लास और राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ हुआ।

